# करोड़ों के राजस्व का दावा, शराब दुकानों पर पसरा सन्नाटा

### सप्लाई चेन की विफलता से ठेकेदार परेशान

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मध्यप्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा शराब ठेकों की नीलामी प्रक्रिया को औपचारिक रूप से पूरा कर लिया गया है लेकिन खंडवा जिले में जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है।

जिले की अधिकांश शराब दुकानों पर वर्तमान में लीकर उपलब्ध न होने से ग्राहक मायूस और काउंटर खाली पड़े हैं क्योंकि दुकानों तक स्टॉक की पहुंच ही नहीं हो पा रही है। जानकारी के अनुसार यह स्थिति तब बनी हुई है जब ठेकेदारों ने करोड़ों रुपये की लाइसेंस फीस सरकार के पास पहले ही जमा कर दी है। दुकानों का भारी-भरकम किराया और स्टाफ का वेतन शुरू हो चुका है लेकिन बेचने के लिए माल उपलब्ध न होने के कारण ठेकेदार अब भारी घाटे की आशंका से घिरे हुए हैं। खंडवा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित देशी और विदेशी मदिरा दुकानों के बाहर मदिरा शौकीनों को शराब उपलब्ध नहीं है के शब्द सुनाई दे रहे हैं। एक तरफ प्रदेश सरकार राजस्व बढ़ाने के लिए नई नीतियां लागू कर रही है और लक्ष्य प्राप्ति की खुशियां मना रही है, वहीं दूसरी तरफ सप्लाई चेन का यह संकट प्रशासनिक विफलता की ओर इशारा कर रहा है। ठेकेदारों का तर्क है कि यदि माल ही उपलब्ध नहीं होगा तो वे अपना व्यापार कैसे चलाएंगे और सरकार द्वारा निर्धारित राजस्व के लक्ष्य को कैसे पूरा करेंगे।

यह पूरा मामला अब केवल एक व्यापारिक समस्या नहीं रह गया है बल्कि यह नीतिगत प्रबंधन और प्रशासन की जवाबदेही पर भी एक बड़ा प्रश्नचिह्न है। जिले के ठेकेदार अब सरकार से इस नुकसान की भरपाई की मांग कर रहे हैं क्योंकि बिना बिक्री के उनके लिए खर्च निकालना नामुमकिन होता जा रहा है। करोड़ों रूपये दांव पर लगा चुके ठेकेदार इस मामले हाईकोर्ट की शरण लेने की बात भी कर रहे है। अब देखना यह होगा कि क्या आबकारी विभाग अपनी इन खामियों को स्वीकार कर जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल करता है या फिर जिले में यह संकट और गहराता जाएगा।




#### इनका कहना है...

पूर्व में सोम कंपनी द्वारा अधिकांश सप्लाई होती थी, कोर्ट के निर्देश के बाद बंद होने से सप्लाई व्यवस्था पर असर पड़ा है। पिछले कुछ वर्षों में बियर की मांग भी काफी बढ़ी है, जिससे आपूर्ति का संतुलन बिगड़ा है। सबसे ज्यादा शॉर्टेज बियर में ही हो रही है। ग्वालियर स्थित कंपनी यदि अन्य राज्यों में सप्लाई छोड़ केवल प्रदेश में ही सप्लाई करे तो व्यवस्था सुधर सकती है। इसके लिए सभी लाइसेंसियों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी।

**-प्रमोद पुरी, लायसेंसी**

## खाई में गिरी तूफान गाड़ी, 7 श्रद्धालु घायल

**गूगल मैप के सहारे शिवा बाबा दर्शन के लिए निकले थे...**



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले के छैगांवमाखन थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के श्रद्धालुओं से भरी एक तूफान गाड़ी खाई में गिर गई। हादसे में 7 लोग घायल हो गए, जिनमें 3 से 4 श्रद्धालुओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, अलीराजपुर जिले के बेटमा क्षेत्र स्थित ग्राम कोल्याबेड़ा से करीब 15 श्रद्धालु शिवा बाबा के दर्शन के लिए निकले थे। तड़के लगभग 4 बजे सिरसौद और बंजारी गांव के बीच वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरा। घायल राकेश बघेल ने बताया कि चालक रास्ता तलाशने के लिए गूगल मैप का सहारा ले रहा था। देर रात लगातार वाहन चलाने के दौरान चालक को झपकी आ गई, जिससे वाहन सीधे खाई में उतर गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों की टीम घायलों के उपचार में जुटी हुई है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हादसे में रमेश बघेल, महेंद्र बघेल, सुनील बघेल और रिवान बघेल गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि अन्य का भी इलाज जारी है।

## रूद्रमठ में हनुमानजी की पुन: प्राण प्रतिष्ठा, धर्मसभा और विशाल भंडारे का आयोजन



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। सवाड़ी रोड स्थित राम नगर के प्राचीन रूद्रमठ में शुक्रवार को श्री हनुमान जी की पुन: प्राण प्रतिष्ठा, सहस्त्रधारा अभिषेक, हवन, पूर्णाहुति, धर्मसभा एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पूजा-अर्चना की तथा धर्म लाभ प्राप्त किया।**

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भगवान हनुमान की विधि-विधान से पूजा कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि रूद्रमठ वर्षों से श्रद्धा, आस्था और सनातन संस्कृति का प्रमुख केंद्र रहा है, जहां निरंतर धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित होती रही हैं ।कार्यक्रम के दौरान रूद्रमठ के संरक्षक महंत श्री शैलेन्द्र पांडेय जी का स्नेह, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उपस्थितजनों ने उनके धार्मिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना की ।इस अवसर पर नानूराम मंडले, सुनील नीलकंठ, दुर्गेश शर्मा, हिंदू नेता अनीश अरझरे, मंडल अध्यक्ष हरीश सेन, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेवादास पटेल, लोकेंद्र सिंह गौड़, बलदेव सिंह मौर्य, टिन्ना यादव, मदन राव, दिनकर काका, अशोक पटेल, राहुल मूंडवाल, सेंटी दादा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पुलिस कांस्टेबल का शव पेड़ पर लटका मिला, रीवा के थाना गढ़ में थी पदस्थापना



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** शहर के पदमनगर थाना क्षेत्र स्थित इंदौर रोड पर बालाजी धाम कॉलोनी के सामने शुक्रवार सुबह एक पुलिस कांस्टेबल का शव पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अनसिंह नरगावे निवासी ग्राम मुरारी, राजपुर क्षेत्र जिला बड़वानी के रूप में हुई है। वह रीवा जिले के थाना गढ़ में कांस्टेबल पद पर पदस्थ था। जानकारी के अनुसार राहगीरों ने पेड़ पर शव लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पदमनगर थाना पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और आसपास जांच शुरू की। मृतक के पास मिले बैग और दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान की गई ।पदमनगर थाना प्रभारी जगदीश जमरे ने बताया कि मामले की जानकारी रीवा पुलिस को दी गई है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि अनसिंह नरगावे मंगलवार से अवकाश पर था और पांच दिन की छुट्टी लेकर अपने गांव बड़वानी जाने के लिए निकला था। इसके बाद वह खंडवा कैसे पहुंचा और किन परिस्थितियों में यह घटना हुई, इसकी जांच की जा रही है ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है तथा परिजनों को सूचना देकर खंडवा बुलाया गया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों और संबंधित थाने के अधिकारियों से पूछताछ कर मामले के हर पहलू की जांच कर रही है।

## संयुक्त सचिव श्रीवास्तव ने की विकास कार्यों की समीक्षा



**खण्डवा।** भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं नीति आयोग के प्रतिनिधि श्री सुदीप श्रीवास्तव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में आकांक्षी जिला खण्डवा में नीति आयोग से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, सहायक कलेक्टर शिल्पा चौहान, सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से नीति आयोग के सहयोग से संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी दी गई। भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री श्रीवास्तव ने स्कूलों में स्मार्ट क्लास संचालन तथा आंगनवाड़ी केन्द्र एवं पोषण पुनर्वास केन्द्रों की व्यवस्थाओं के सम्बंध में जानकारी ली।

## विधायक तन्वे ने बाबा साहब अंबेडकर को किया नमन



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** विधायक कंचन मुकेश तन्वे ने अपनी विवाह वर्षगांठ के अवसर पर अंबेडकर चौराहे पहुंचकर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उनका आत्मीय स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं ।कार्यक्रम में विधायक तन्वे ने बाबा साहब के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।

उन्होंने सभी शुभचिंतकों एवं कार्यकर्ताओं का स्नेह, सम्मान और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर नानूराम मंडले, सुनील नीलकंठ, हिंदू नेता अनीश अरझरे, मंडल अध्यक्ष हरीश सेन, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेवादास पटेल, लोकेंद्र सिंह गौड़, बलदेव सिंह मौर्य, टिन्ना यादव, मदन राव, दिनकर काका, अशोक पटेल, राहुल मूंडवाल, सेंटी दादा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना में रेलवे प्लेटफॉर्म का लोकार्पण




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना, दोंगालिया में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी गति शक्ति परियोजना के अंतर्गत ऐश ट्रांसपोर्टेशन हेतु नव-निर्मित रेलवे प्लेटफॉर्म का लोकार्पण गत दिवस मुख्य अभियंता (उत्पादन) जेसी जूनवाल द्वारा विधिवत पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर परियोजना के अधिकारी, कर्मचारी, निर्माण कंपनी एवं मेसर्स कनेरिया ग्रुप के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

लोकार्पण के दौरान मेसर्स कनेरिया बिल्डिंग सॉल्यूशन, गुजरात द्वारा प्लेटफॉर्म पर प्रथम कंटेनर रैक की प्लेसमेंट की गई। अब विशेष रूप से निर्मित शिपिंग कंटेनरों में आधुनिक 'कलमार' मशीन के माध्यम से फ्लाई ऐश भरी जाएगी ।परियोजना प्रबंधन के अनुसार, लगभग 630 मीटर लंबे इस आधुनिक रेलवे प्लेटफॉर्म के निर्माण पर करीब 15 करोड़ रुपये की लागत आई है। प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब फ्लाई ऐश का प्रदूषण रहित परिवहन रेल मार्ग से बड़ी मात्रा में दूरस्थ उपयोगकर्ताओं तक किया जा सकेगा। पूर्व में फ्लाई ऐश का परिवहन सड़क मार्ग से बल्करों और रेल मार्ग से तारपोलीन से ढके कंटेनरों के माध्यम से किया जाता था। नई व्यवस्था में आधुनिक मशीनों एवं कंटेनरों के उपयोग से परिवहन अधिक सुरक्षित, सुगम और पर्यावरण अनुकूल हो सकेगा। परियोजना प्रबंधन ने बताया कि यह नवाचार फ्लाई ऐश परिवहन को किफायती बनाने के साथ-साथ राख उपयोग को भी बढ़ावा देगा। परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कनेरिया बिल्डिंग सॉल्यूशन कंपनी के प्रतिनिधि-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनगणना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों को किया सम्मानित



**खण्डवा।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण 1 मई से 31 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य जारी है। इस कार्य के तहत कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी खण्डवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले की खंडवा तहसील के 4 जनगणना प्रगणकों ने अपने मकान सूचीकरण ब्लॉक में प्रथम चरण का कार्य निर्धारित अंतिम दिनांक 31 मई 2026 से काफी पहले मात्र 6 दिन में ही पूर्ण कर लिया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले इन 4 जनगणना प्रगणकों को शुक्रवार को तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी श्री महेश सिंह सोलंकी एवं जिला जनगणना प्रभारी श्री जे.एल. साकेत ने पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित हुए प्रगणकों में जितेश मोरे, जयेश श्रीमाली, सुभद्रा मोहे, जितेंद्र नरसिंगानी शामिल हैं।

## जुनेद खान को मिलेगा 25 हजार का पुरूस्कार

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा।** सड़क दुर्घटनाओं में होनी वाली मृत्युदर में कमी लाने के लिए सरकार ने राह-वीर योजना शुरू की गई है।

योजना की गाईडलाईन के अनुसार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर अर्थात दुर्घटना से एक घंटे की समयावधि में अस्पताल पहुंचाने वाले राह-वीर को 25 हजार रूपये की नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दीपक मांझी ने बताया कि इस योजना के तहत परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश शासन द्वारा खण्डवा जिले के ग्राम सिहाड़ा निवासी जुनेद खान पिता मंजूर खान के लिए 25 हजार रूपए की पुरूस्कार राशि स्वीकृत की गई है।

**एक नजर** | **कांग्रेस प्रभारी ने संगठन की मजबूती और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर की चर्चा**

## संगठन में 'मैं' नहीं 'हम' की राजनीति होगी, अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं : चौधरी



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के जिला प्रभारी हरीश चौधरी ने अपने प्रथम खंडवा प्रवास के दौरान संगठन की मजबूती और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर बेहद स्पष्ट निर्देश देते हुए नजर आए।

गांधी भवन में शुक्रवार को आयोजित विभिन्न समन्वय समितियों और जिला कार्यकारिणी की बैठकों को संबोधित करते हुए उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस पार्टी में अब व्यक्ति विशेष की राजनीति का स्थान नहीं होगा और केवल हम की भावना के साथ काम करने वाले कार्यकर्ताओं को ही तवज्जो दी जाएगी। उन्होंने अनुशासन को सर्वोपरि बताते हुए चेतावनी दी कि पार्टी के भीतर किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता अब बर्दाश्त नहीं होगी और इसके लिए अगले एक सप्ताह के भीतर एक विशेष अनुशासन समिति का गठन कर दिया जाएगा, जो दोषी पाए जाने वाले पदाधिकारियों या कार्यकर्ताओं पर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

प्रभारी हरीश चौधरी ने कार्यकर्ताओं के भीतर नया जोश भरते हुए घोषणा की कि अब खंडवा के प्रत्याशी का निर्णय दिल्ली या भोपाल से नहीं, बल्कि खंडवा में ही होगा। उन्होंने कहा कि जो कार्यकर्ता संगठन के लिए पसीना बहाएगा, प्रत्याशी चयन के समय उसी के नाम पर विचार किया जाएगा। संगठन में पारदर्शिता लाने के लिए कार्यकर्ताओं का डेटा कनेक्ट सेंटर में संग्रहित किया जा रहा है। इससे पूर्व, खंडवा आगमन पर चौधरी ने दादाजी दरबार पहुंचकर मत्था टेका, जहां ब्लॉक अध्यक्ष विशाल जैन और इमरान गौरी मित्रमंडल ने उनका स्वागत किया। गांधी भवन में बैठकों के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह और शहर अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने प्रभारी का पुष्पमाला से स्वागत किया और संगठन विस्तार पर चर्चा की। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन के अनुसार, इस महत्वपूर्ण बैठक और संवाद कार्यक्रम में सह प्रभारी उषा नायडू, हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने, कसरावद विधायक सचिन यादव, पूर्व महापौर विभा पटेल, पूर्व विधायक राजनारायण सिंह, नरेंद्र पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ मुनीश मिश्रा, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोनु गुर्जर, अशोक पटेल, सुनील सकरगाये, कुंदन मालवीय, अवधेश सिसोदिया, अजय ओझा, प्रफुल्ल जैन, सदाशिव भवरिया, दीपक मुल्लू राठौर, धर्मेन्द्र सिंह राठौर, विकास व्यास, विशाल जैन, इमरान गौरी, मनोज मंडलोई, कैलाश हरि पटेल, सुनीता सकरगाये, रचना तिवारी, सरोज बघेल, रुपाली बारे, मोहन ढाकसे, अय्यूब लाला, तारिक पटेल, पवन पाटीदार, कड़वा पटेल, बसंत पवार, जतिन पटेल, यशवंत सिलावट और आलोक सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।